Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide wage to the health workers.

श्री संजय सेठ (राँची): माननीय सभापति महोदय, मैं इस सदन का ध्यान झारखण्ड की 40 हजार स्वास्थ्य सहियाओं की ओर दिलाना चाहता हूँ, जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के लिए रीढ़ की हड्डी है । चाहे कोरोना काल का फर्स्ट वेव हो या सेकेंड वेव हो, उन्होंने अथक मेहनत की । वे लोग गाँव-गाँव जाकर मरीजों को ढूँढ़ना, उनकी सेवा करना, उनको अस्पताल पहुंचाना आदि करती हैं । टीकाकरण में भी उन महिलाओं ने गाँव-टोला, नदी और पहाड़ पार करके विभिन्न स्थानों पर जाकर टीकाकरण किया । उनको इंसेंटिव तो मिलता है, लेकिन उनको कोई मानदेय नहीं मिलता है । इन स्वास्थ्य सहियाओं को मानदेय देने के संबंध में, भारत सरकार को पहल करनी चाहिए ।

इन स्वास्थ्य सहियाओं के पास कुछ नहीं था । मैंने अपनी तरफ से, राँची लोक सभा क्षेत्र की हजारों स्वास्थ्य सहियाओं को ऑक्सिमीटर और थर्मल स्कैनर प्रोवाइड कराया । मेरा आग्रह है कि उन महिलाओं को मानदेय देने के लिए पहल जरूर करनी चाहिए ।